# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET) – 2022

## RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS (REET)-2022

## (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर)


राजीव गाँधी विद्या भवन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइन्स, अजमेर–305001

**Website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर जारी लिंक **reetraj2022**

**Email ID : reetbser@gmail.com**

फोन नं. (0145) 2630436, 2630437


**विज्ञप्ति संख्या : 01/2022 दिनांक 12.04.2022**

**राजस्थान सरकार** के निर्देशानुसार "राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2022" के आयोजन के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर नोडल एजेंसी है। यह परीक्षा माह जुलाई 2022 में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। यह परीक्षा सिर्फ पात्रता परीक्षा है। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. पात्रता : निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा (23) की उप धारा (1) के अन्तर्गत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अधिसूचना दिनांक 23, अगस्त 2010 (सपठित 29 जुलाई 2011) एवं समय–समय पर जारी व वर्तमान में वैधानिक रूप से प्रभावी अधिसूचनाओं तथा माननीय सर्वोच्च/उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार ''राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा, 2022'' में सम्मिलित होने हेतु योग्यताएँ और न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित है, जिसकी विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाईट पर दिनांक 12.04.2022 से उपलब्ध रहेगी।
2. **ऑनलाइन आवेदन एवं REET-2022 परीक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैं :**

| | |
|---|---|
| ऑन–लाईन आवेदन पत्र की उपलब्धता | दिनांक 18.04.2022 से 18.05.2022 (रात्रि 12.00 बजे तक) |
| चालान मुद्रित कर निर्धारित बैंक/ ई–मित्र पर शुल्क जमा कराने की आरम्भ एवं अन्तिम तिथि | दिनांक 18.04.2022 से 13.05.2022 तक |
| वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की संभावित तिथि | 14.07.2022 सायं 4 बजे से |
| परीक्षा तिथि | **दिनांक 23.07.2022 (शनिवार) एवं दिनांक 24.07.2022 (रविवार)(आवेदको की संख्या एवं विश्वसनीय परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के दृष्टिगत परीक्षा का आयोजन 24.07.2022 से आगे की तिथियों को भी रखा जा सकता है)** |

3. **ऑन–लाईन आवेदन प्रक्रिया :–** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2022 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक reetraj2022 पर निर्धारित तिथियों तक ऑन–लाईन भरे जायेंगे। आवेदन हेतु अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। ऑन–लाईन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थी को सर्वप्रथम नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का स्तर (Level) एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर सम्बन्धित ई–मित्र/बैंक/ऑन–लाईन भुगतान का चुनाव कर परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। ई–मित्र/बैंक से शुल्क का सत्यापन (Verification) होने के पश्चात ही अभ्यर्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगा। शुल्क का सत्यापन वेबसाईट पर चालान नम्बर अंकित कर जाना जा सकेगा।
4. **परीक्षा शुल्क :–**
आवेदक अपनी पात्रता के अनुरूप निम्नानुसार परीक्षा शुल्क निर्धारित बैकों के माध्यम से चालान/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/ई–मित्र से जमा करा सकेगें।
   - स्तर प्रथम – : रूपये 550/–
   - स्तर द्वितीय (REET-2021 के आवेदक) – : कोई शुल्क नहीं
   - स्तर द्वितीय (REET-2021 के आवेदकों को छोडकर) – : रूपये 550/–
   - दोनों स्तर के आवेदक हेतु –स्तर प्रथम (नवीन आवेदन) एवं
     स्तर द्वितीय(नवीन आवेदन)दोनों परीक्षाऐ रूपये 750/–
     (प्रत्येक लेवल/स्तर हेतु पृथक पृथक शैक्षणिक योग्यताऐं होना अनिवार्य है)
   - दोनों स्तर हेतु – स्तर प्रथम (पूर्व/नवीन आवेदन) एवं
     स्तर द्वितीय (पूर्व आवेदन) (दोनों परीक्षाऐं) – : रूपये 200/–
5. **राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET-2022) की विस्तृत रूप से विषयवस्तु एवं परीक्षा पाठ्यक्रम वेबसाईट पर देखें।**
6. **परीक्षा प्रक्रिया एवं आयोजन :–**

I. **परीक्षा की दिनांक :–** दिनांक 23.07.2022 (शनिवार) एवं दिनांक 24.07.2022 (रविवार)(आवेदको की संख्या एवं विश्वसनीय परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के दृष्टिगत परीक्षा का आयोजन 24.07.2022 से आगे की तिथियों को भी रखा जा सकता है)

II. **समय :** प्रथम पारी परीक्षा : प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक
द्वितीय पारी परीक्षा : अपरान्ह् 3.00 बजे से सांय 5.30 बजे तक

नोट :– स्तर प्रथम व द्वितीय की दिनांक एवं पारी की सूचना पृथक से विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की जावेगी।

**नोटः–** ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने प्रथम स्तर व द्वितीय स्तर दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है उन्हें दोनों परीक्षाओं के निर्धारित पारी व समय पर परीक्षा देनी होगी। किसी भी अभ्यर्थी को सम्बंधित परीक्षा की निर्धारित अवधि समाप्त होने से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

III. **परीक्षा प्रवेश पत्र** :– REET कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक reetraj2022 वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाऐंगे। इस बाबत सूचना समाचार पत्रों एवं वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाएगी। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते है, इस हेतु आवेदन पत्र तथा चालान की प्रति सुरक्षित रखें। डाक द्वारा प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।

नोटः–

f

1. किसी भी कारण से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र में अंकित भाषा–। व ।। के अलावा अन्य भाषा के प्रश्न हल किये हैं तो उसे मान्य नहीं माना जावेगा तथा उसका परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई भाषा के अनुरूप ही तैयार होगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
2. अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग करना वांछनीय है। परीक्षा केन्द्र पर विभिन्न प्रकार की जॉचों में समय लगेगा । परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी ।
3. ऑन–लाईन आवेदन पत्र हेतु शैक्षणिक अर्हता, पात्रता मापदण्ड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा का विस्तृत पाठ्यक्रम, परीक्षा का स्वरूप, प्रक्रिया एवं आयोजन तथा अन्य शर्तों सहित विस्तृत दिशा निर्देश उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
4. परीक्षार्थी ऑन–लाईन आवेदन करते समय विषय चयन सहित सभी विवरण सावधानी पूर्वक एवं त्रुटि रहित भरें।
5. ऑनलाइन भुगतान अथवा चालान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात भी यदि आवेदन पत्र का प्रिंट नहीं निकलता है तो निर्धारित अवधि में वेबसाइट पर दिये गये दूरभाष/मोबाइल नम्बर पर संपर्क करें।
6. सभी अभ्यर्थियों को परामर्श है कि वे समय समय पर रीट की वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov. in पर जारी लिंक reetraj2022 का अवलोकन कर, जारी की जाने वाली अद्यतन सूचनाओं से अवगत रहें ।

समन्वयक

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा(REET)–2022